प्रेस-विज्ञप्ति **21.09.2019**

दिनांक 21 सितम्बर, 2019 को मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की 87वीं वार्षिक आम सभा मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के डॉ. गौर हरि सिंहानिया सभाकक्ष में संपन्न हुई।

वार्षिक आम सभा में वर्ष 2019-20 के लिए सीए मुकुल कुमार टंडन **- अध्यक्ष** एवं श्री अभिषेक सिंघानिया- **उपाध्यक्ष** निर्वाचित हुए। वार्षिक सभा में श्री ए.के. सरौगी, श्री आलोक नागोरी, श्री अनिल कुमार अग्रवाल, श्री अतुल कानोडिया, डॉ. जे.एन. गुप्ता, श्री के.जी. गुप्ता, डॉ. एम.पी. अग्रवाल, श्री मयंक खन्ना, श्री आर.के. अग्रवाल, श्री सुधीन्द्र कुमार जैन, श्री सुनील खन्ना, श्री सुशील कनोडिया, श्री विनीत चंद्रा, श्री विजय पांडे एवं श्री योगेश अग्रवाल कौंसिल समिति के सदस्य चुने गए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए मुकुल कुमार टंडन ने कहा कि वह पूर्व अध्यक्षगणों द्वारा किये गए समस्त अच्छे कार्यों के क्रम को आगे बढ़ाते हुए चैम्बर की गतिविधियों को नई उचाईयों तक पहुँचाने का यथासम्भव प्रयास करेंगे तथा इस कार्य हेतु मुझे सभी स्नेही-बंधुओं के सुझावों व् सहयोग की आवश्यकता होगी। श्री टंडन ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि समस्त विशिष्ट जनों व मर्चेंट्स चैम्बर के समस्त सदस्यगणों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अन्त में उपस्थित सभी महानुभावों को हृदय से धन्यवाद दिया।

उपस्थित सदस्यों डॉ. आई.एम.रोहतगी, श्री पदम कुमार जैन, श्री बी.के. लाहोटी, श्री किशोर कुमार गुप्ता, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, श्री सुरेश गर्ग, श्री प्रताप नारायण अग्रवाल ने एवं उपस्थित समस्त सदस्यों ने नवनिर्वाचित **अध्यक्ष** सीए मुकुल कुमार टंडन एवं **उपाध्यक्ष** श्री अभिषेक सिंघानिया, को बधाई दी। श्री महेंद्र नाथ मोदी, सचिव, मर्चेंट्स चैम्बर ने सभा का संचालन किया। डॉ. जे.एन. गुप्ता ने आये हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

धन्यवाद
मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश